**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 952**

**05 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**टेली-मानस स्वास्थ्य कार्यक्रम (टेली-मानस)**

**952. श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावाः**
**श्रीमती कमलेश जांगड़ेः**
**डॉ. निशिकान्त दुबेः**
**श्री बसवराज बोम्मईः**
**श्री दिलीप शइकीयाः**
**श्री बिद्युत बरन महतोः**
**श्री तेजस्वी सूर्याः**
**श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलालः**
**श्रीमती विजयलक्ष्मी देवीः**
**श्री प्रदीप कुमार सिंहः**
**श्री दिनेशभाई मकवाणाः**
**श्री प्रवीण पटेलः**
**श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ः**
**श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाहः**
**श्री मनोज तिवारीः**
**श्री बलभद्र माझीः**
**श्री खगेन मुर्मुः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन्नत टेली-मानस कार्यक्रम (टेली-मानस) के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और टेली-मानस ऐप में क्या नई सुविधाएँ शामिल की गई हैं;

(ख) क्या यह एप्लीकेशन क्षेत्रीय भाषाओं में और दिव्यांगजनों के लिए सुगम्यता में सुधार हेतु उपलब्ध कराया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्तमान वर्ष और विगत 3 वर्षों के दौरान टेली-मानस प्लेटफॉर्म के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने वाले छत्तीसगढ़ और बिहार सहित उपयोगकर्ताओं की वर्षवार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग): सरकार ने देश में गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य परामर्श और परिचर्या सेवाओं तक पहुँच को और बेहतर बनाने के लिए 10 अक्टूबर, 2022 को "राष्ट्रीय टेली मानस स्वास्थ्य कार्यक्रम" शुरू किया है।

सरकार ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस - 10 अक्टूबर, 2024 के अवसर पर टेली-मानस मोबाइल एप्लिकेशन भी शुरु किया है। टेली-मानस मोबाइल एप्लिकेशन एक व्यापक मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म है जिसे कल्याण से लेकर मानसिक विकारों तक के मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के लिए सहायता प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है।

टेली-मानस मोबाइल एप्लीकेशन का विस्तार करके इसमें पहले से उपलब्ध अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं के साथ-साथ 10 अतिरिक्त क्षेत्रीय भाषाएँ - असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल, तेलुगु, उड़िया और पंजाबी भी शामिल की गई हैं।

टेली-मानस मोबाइल एप्लीकेशन दृष्टिबाधित व्यक्तियों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ एक विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल इंटरफ़ेस और एक टौल-फ्री फ़ोन लाइन, जिसके लिए स्क्रीन के उपयोग की आवश्यकता नहीं होती है, के माध्यम से सुलभ बनाकर सहायता प्रदान करता है।

दिनांक 27.11.2025 की स्थिति के अनुसार, 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने 53 टेली-मानस प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं। टेली-मानस सेवाएँ राज्यों द्वारा चुनी गई भाषा के आधार पर 20 भाषाओं में उपलब्ध हैं। शुरुआत से अब तक इस हेल्पलाइन नंबर पर 29.82 लाख से अधिक कॉलों का उत्तर दिया गया है। चालू वर्ष के दौरान टेली-मानस प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त कॉलों की कुल संख्या 12,33,399 है।

छत्तीसगढ़ और बिहार में टेली-मानस प्लेटफॉर्म के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने वाले उपयोगकर्ताओं की संख्या, वर्षवार निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | राज्य | वित्त वर्ष 2022 -23 | वित्त वर्ष 2023 -24 | वित्त वर्ष 2024 -25 | वित्त वर्ष 2025 -26 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बिहार | 1741 | 9609 | 7965 | 12509 |
| 2. | छत्तीसगढ़ | 240 | 8166 | 19552 | 15352 |

सरकार ने पहले से मौजूद ऑडियो कॉलिंग सुविधा के एक और उन्नयन के रूप में, टेली-मानस के अंतर्गत वीडियो परामर्श सुविधा भी शुरू की है।

सरकार ने सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय (एएफएमसी), पुणे में एक समर्पित टेली-मानस प्रकोष्ठ की स्थापना की है, ताकि सभी सशस्त्र बल सेवा कर्मियों और उनके आश्रितों को टेली-मानसिक स्वास्थ्य सहायता और सहयोग प्रदान किया जा सके, जिससे उनके लिए उपलब्ध मानसिक स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं को और बढ़ाया जा सके।

******